वी.यू. में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर सीता प्रसाद तिवारी, मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे, महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विगत 18 मई से

5 जून तक कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा था, जहां कार्यक्रम का उद्देश्य लाइफ एंड लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट के बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन की थीम पर पर्यावरण के प्रति विशेष जन जागरूकता एवम् प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर विषयों पर सामूहिक प्रयासो

की मदद से लोगों को सचेत करना था, कार्यक्रम के दौरान माननीय कुलपति प्रो. एस.पी. तिवारी जी ने पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते मानक स्तर, ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ते तापमान, पिघलते ग्लेशियर एवम् समुद्री जल स्तर में लगातार हो रही वृद्धि पर गहन चिंता जाहिर की, कुलपति महोदय ने कहा की विश्वस्तरीय वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिवर्ष एक विशेष थीम का चयन किया जाता है, ताकि जन जागरुकता के साथ पर्यावरण संरक्षण

के लिए संयुक्त प्रयास संभव हो सकें, कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें व्याख्यान माला के साथ विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित कन्या छात्रावास परिसर में गुलमोहर, नीम जैसे महत्त्व पूर्ण औषधीय पौधों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, इसी तारतम्य में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में माननीय कुलपति महोदय ने वृक्षारोपण किया तथा वेटरनरी कॉलेज महू में सेव एनर्जी अवेयरनेस साइकिल रैली एवम् अधिष्ठाता, वी.पी. शुक्ला द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस.के. जोशी, डायरेक्टर रिसर्च डॉ. एस.एस. तोमर, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता, डॉ. ए.पी. सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.के महाजन, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ प्रीति मिश्रा, टीचिंग एसोसिएट सहित महाविद्यालय के एन.एस.एस. इकाई के स्वयं सेवक छात्र एवम् छ्त्राएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन एवम् संयोजन एन.एस.एस.इकाई प्रमुख डॉ. सोना दुबे द्वारा किया गया,

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर